तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025

12 धनोरा समाधान शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को मिली...

13 कुरदी के समाधान शिविर में मिली सौगातें और राहत...




# जेठ में मूसलाधार बारिश से किसानों की मुसीबत बढ़ी, नौतपा में सर्द हवाओं के झोंके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे एक सप्ताह से भी अधिक समय से रूक रूक कर हो रही बारिश अब मानसून के आने का अहसास दिला रही है, जहां नौ टप्पा मे ही मानसून का बहसास जिलेवासियो को हो रहा है और जिले मे समय से पहले ही मानसून आने की चर्चा आम जनो के बीच है ऐसे मे समय से पहले मानसून आने का लाभ गर्मी से राहत के रूप मे तो देखा जा सकता है लेकिन कई किसानो के लिए यह मुसीबत बनकर पानी बरस रहा है। जिसके तहत शनिवार को सुबह मुसलाधार बारिश देखने को मिली। जिले मे कई किसानो द्वारा गर्मी के फसल के रूप मे धान का फसल लिया गया है, जिसके तहत कुछ माह पहले जहां किसानो के धान का फसल बिना पानी के खराब हो रहा था वही वर्तमान मे जब कई किसानो के फसल पक चुके है और उसकी कटाई आरंभ होने की स्थिति मे बारिश खलल डाल रही है और किसान अपने धान के पके फसल की कटाई के लिए भी सोचने को मजबूर है। जहां बारिश के अधिकता के कारण खेतो मे पानी भर जाने से खेतो के धान के फसल तेज आंधी व बारिश से खेतो मे ही झुक गए है और जमीन से लिपट कर लगातार हो रही बारिश से खेतो मे भरे पानी से खराब हो रहे है।

## तेज हवाओं से हजारों एकड़ की फसल धराशायी



### फसलों मे जरई आने की शिकायत

जहां जिले के कई किसानो के फसल मे बारिश मे फिगने के कारण जरई आने की शिकायते भी सामने आ रही है। जिसके कारण किसानो द्वारा हजारो की लागत से लगाया गया फसल व मेहनत बेकार जाते दिख रहा है और कई किसानो के कर्जे मे चले जाने की नौबत खड़ी हो गई है जिसके कारण वे वर्तमान मे धान फसल के लिए लगाए गए दवाई व खाद के साथ अन्य चिजो के रकम की अदायगी के लिए सोचने को मजबूर है। जिले मे किसानो को न सिर्फ धान के फसल को बचाने के साथ उसकी कटाई मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है बल्कि धान की बिक्री के लिए भी किसानो को कई दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है जिसके तहत इस वर्ष किसानो को धान का उचित मूल्य नही मिल पा रहा है और इतनी महंगाई के दौर मे किसान अपने मेहनत की कमाई को औने पौने दाम मे बेचने को मजबूर है।



प्रवास : आजीविकामूलक कार्यों के माध्यम से और अच्छी आमदनी कर रही है स्व सहायता समूह की महिलाएं

# छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं का योगदान है महत्वपूर्ण : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि हमारे देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण है। राज्यपाल डेका आज अपने बालोद जिले के प्रवास के दौरान तांदुला रिसॉर्ट में केन्द्रीय योजनाओं से लाभान्वित जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

- मछली पालन, पशुपालन, कृषि कार्य एवं गैर कृषि कार्यों से अर्जित अनुभव एवं वार्षिक आय की जानकारी ली

इस दौरान उन्होंने जिले के सभी पांचों विकासखण्डों से उपस्थित सभी 22 स्व सहायता समूह के महिलाओं से बारी–बारी से बातचीत कर उनके द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल डेका ने जिले के महिलाओं के राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात उनके आर्थिक स्थिति में आशातीत सुधार एवं जीवन स्तर बेहतर होने पर जिले के स्व सहायता समूह के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। राज्यपाल डेका जिले के स्व सहायता समूह के महिलाओं को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत उनके द्वारा किए जा रहे कार्य उनके आर्थिक स्थिति में सुधार एवं खुशहाल जीवन का आधार बने इसके लिए उन्होंने उनके द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य को और अधिक उत्कृष्ट बनाने को कहा।





### राज्यपाल डेका का हेलीपेड पर स्वागत

**बालोद।** राज्यपाल रमेन डेका जिले के एक दिवसीय प्रवास पर जिला मुख्यालय बालोद पहुँचे है। राज्यपाल डेका के आज बालोद पहुँचने पर तांदुला रिसॉर्ट हेलीपेड में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल एवं अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।



### नवाचार एवं वैल्यू एडिशन पर चर्चा की

डेका ने कहा कि हमारे महिला बहनों द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक कार्यों के माध्यम से उन्हें और अच्छी आमदनी मिल सके इसके लिए उन्हें निरंतर नये–नये तकनीक एवं उपायों को सीखने के साथ ही नवाचार एवं वैल्यू एडीशन करते हुए समय के अनुरूप अपने कार्यों को बेहतर बनाना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान राज्यपाल के सचिव सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल एवं अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारियों के अलावा स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

### 22 स्व सहायता समूह से की बातचीत

इस दौरान राज्यपाल डेका ने जिले के 22 स्व सहायता समूह के कुल 40 महिलाओं से बारी–बारी से बातचीत कर उनके द्वारा व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर किए जा रहे आजीविकामूलक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा मछली पालन, पशुपालन, कृषि कार्य एवं गैर कृषि कार्य के संबंध में अपने अनुभव एवं उससे अर्जित वार्षिक आय की जानकारी दी गई।

इस दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला प्रशासन द्वारा भविष्य में आने वाली जल संकट से निपटने हेतु जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल जतन अभियान में भी अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की जानकारी दी। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा प्रत्येक घरों में जाकर पानी के एक–एक बूँद का सदुपयोग करने तथा जल संरक्षण के उपायों की भी जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा किसानों को धान के बदले अन्य फसल का उत्पादन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिला निशा गायकवाड़ ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत हस्तशिल्प का कार्य, ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### ओरमा में अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मनाई



**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा में अहिल्याबाई होलकर के 300 वी जयंती मनाई गई। उक्त कार्यक्रम ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू एवं समस्त पंचायत सचिव संतोष साहू एवं गांव के वरिष्ठ नागरिकों के साथ अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम सफल बनाया। उक्त अवसर पर पंचायत परिसर में सरपंच मंजूलता के प्रयास से तीन नग छवदार पेड़ का पौधा रोपण किया गया। वही कार्यक्रम के पश्चात विश्व तंबाकू दिवस पर नशा मुक्ति के लिए पंचायत सचिव ने समस्त ग्रामीणों को जानकारी दिया कि नशा पान से दूर रहे उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच मंजूलता परस साहू, उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंच डोमार कुंभकार, सुदामा साहू, सगुना साहू, संतोष साहू, शिव भजन यादव, विश्वंत भारद्वाज साहू समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, भूतपूर्व जनपद सदस्य बंधु लाल यादव, कमलेश साहू, बल्लू साहू, फागु सोनकर, गोरेलाल साहू, अभिजीत श्रीवास्तव, रामलाल साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू सक्रिय महिला बिना साहू एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### ट्रैक्टर से गिरने से युवक की मौत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम अछोली के मुख्य मार्ग में ट्रेक्टर से जा रहे ट्रेक्टर सवार युवक के गिरने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे की है जब ग्राम संबलपुर निवासी दुर्जन भुआर्य 30 वर्ष कृषि कार्य हेतु कृषि से संबंधित औजार आदि लेकर ट्रेक्टर से जा रहे थे कि ग्राम अछोली के समीप अनियंत्रित होकर गिर पड़े व सर में गहरी चोट लगने के कारण से उनकी मौत हो गई।संजारी चौकी प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि मृतक दुर्जन ट्रेक्टर चालक महेश कुमार व एक अन्य साथी मनीष साहू के साथ ग्राम आलीखूँटा (रानीतराई) जा रहे थे। ।वाहन चालक के साथ आजू बाजू की सीट पर वे दोनों बैठे थे कि अछोली के समीप मुख्य मार्ग में दुर्जन भुआर्य अनियंत्रित होकर गिर पड़े व उन्हें चोट लगी। वाहन चालक व अन्य साथी ने तुरंत ही उन्हें पहले उनके गृहग्राम संबलपुर परिजनों के पास लाया फिर वहां से नगर के शा अस्पताल लाने की तैयारी कर रहे थे कि वहीं उनकी मौत हो गई।चौकी प्रभारी ने बताया कि पी एम आदि आवश्यक कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है।मर्ग कायम करने के बाद वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच विवेचना में लिया गया है।

# गांजे की तस्करी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नशे के विरूद्ध बालोद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने गांजा बेचने ग्राहक तलाश करते आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांजा को स्कूटी के डिक्की में छुपाकर कर आरोपी रखा था। आरोपी के कब्जे से 02 किलो 068 ग्राम गांजा कीमती 24,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 24 वी 6126 को जप्त किया गया।

क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही अभियान चलाने निर्देशित किया गया है जिसके पालन में थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय द्वारा क्षेत्र में नशे पर अंकुश लगाने एवं कानुन व्यवस्था बनाये रखने हेतु टीम गठित किया गया है। मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी क्रमांक सीजी 24 व्ही 6126 की डिक्की में एक लड़का गांजा को छुपाकर रखा है जो डौंडीलोहार से बालोद की जा रहा है। जिसकी सूचना पर तत्काल बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय के द्वारा हमराह स्टाफ के साथ मौका घटना स्थल ग्राम पाररास बायपास मार्ग रेल्वे स्टेशन के पीछे जाकर घेराबंदी कर आरोपी विवेक कुमार साहू को पकड़े जिसके कब्जे स्कूटी क्रमांक सीजी 24 व्ही 6126 से 02 किलो 068 ग्राम गांजा ▶▶|शेष पेज 13 पर



# टेंडर में स्वास्थ्य मितान पद का जिक्र नहीं होने पर कल्याण संघ में भारी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वास्थ्य सहायता कियोस्क कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा स्वास्थ्य विभाग में टीपीए के माध्यम से स्वास्थ्य मितान पद को रखने का सुबह आश्वासन दिया गया था। जिसके बाद शाम में टेंडर निकला जिसमें स्वास्थ्य मितान पद का जिक्र ही नहीं होने से संघ ने नाराजगी व्यक्त की है। जिसके तहत जिले मे इस कार्यक्रम के तहत कार्यरत जिले के कर्मचारी भी प्रभावित हुए है। स्वास्थ सहायता कियोस्क कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि 29 मई को छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में कार्यरत स्वास्थ्य मितान लगभग 500–600 कि संख्या में स्वास्थ्य मंत्री के बंगले पहुंचे थे बड़ी उम्मीद से अपनी नौकरी को कंपनी या कलेक्टर दर में पुनः एक्सटेंड करने के लिए वर्तमान में स्वास्थ्य मितान पद को जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग पूरे राज्य में 750 कि संख्या में थर्ड पाटएँ कंपनी के माध्यम से लगभग 12 से 15 वर्षो से एफएचपीएल कंपनी के माध्यम से रखा जाता था वर्तमान में एफएचपीएल कंपनी को टेंडर मिला था जिसका टेंडर 30 अप्रैल को समाप्त हो चुका है साथ ही स्वास्थ्य मितान कर्मचारी कि 3 माह कि सेलरी एफएचपीएल कंपनी नहीं दी है साथ ही वर्तमान कंपनी का टेंडर खत्म होने के बाद नौकरी भी जा चुका है।

स्वास्थ्य सहायता कियोस्क कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि स्वास्थ्य मितान सभी ▶▶|शेष पेज 13 पर



संघ के लोग स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात और बताई समस्या

### किसान के घर से हजारों के जेवरात की चोरी

**बालोद।** ग्राम ठेमाबुजुर्ग के बरबट्टी पारा मे किशन निशाद के घर मे घुसकर अज्ञात चोर ने 26 हजार के जेवरात की चोरी कर ली। किशन ने बताया कि 25 मई को रात 9:30 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। 26 मई को सुबह 5 बजे उठा तो घर के आगे व पीछे और कमरे का दरवाजा खुला उठा था। अज्ञात आरोपी ने आलमारी के लॉकर को तोड़कर सोने का लॉकेट मंगलसूत्र, चांदी का करधन, पायल बिछिया की चोरी की है। डौण्डी थाने मे अज्ञात आरोपी के खिलाफ 305, 331 (4) के तहत अपराध दर्ज की गई है।

# ग्राम पंचायत सिकोसा में दो माह से भीषण पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम सिकोसा जनपद पंचायत गुण्डरदेही जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलो मीटर दुर्ग–बालोद मार्ग पर स्थित गुण्डरदेही विकासखण्ड का सबसे बड़ा ग्राम है।

विगत 02 माह से ग्राम सिकोसा पेयजल से जुझते हुये ग्राम पंचायत सिकोसा द्वारा ग्राम स्तर पर निजी बोर के माध्यम से पानी टैंकर व्यवस्था से गांव में पेयजल समस्या दूर कर रहें हैं। किंतु शासन को विगत 01 माह से नवीन बोर खनन हेतु मांग पी.एच.ई. विभाग के माध्यम से की गई है। परंतु जानकारी लिये जाने पर अधिकारी बताते हैं कि पत्र उच्च कार्यालय को प्रेषित की जा चुकी है। अधिकारियों से पेयजल समस्या के संबंध में विगत 02 माह पूर्व राज्यपाल के सिकोसा आगमन पर चर्चा की गई। उक्त चर्चा के पश्चात अधिकारियों के द्वारा पेयजल की समस्या को देखते हुए नवीन बोर खनन अतिशीघ्र करवाने आश्वस्त किया गया था। परंतु आज पर्यंत तक बोर खनन नहीं हो पाने के कारण ग्राम पंचायत सिकोसा द्वारा पंचायत स्तर से निजी बोर से ग्राम में पेयजल ▶▶|शेष पेज 13 पर



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
- सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
- हिमोडायलिसीस
- पेरीटोनियल डायलिसीस
- सीएपीडी
- बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप




### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुईं विविध स्पर्धाएं

**डौण्डीलोहारा।** विकास खण्ड के वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया, इस अवसर पर चित्रकला,निबंध लेखन, स्लोगन, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने सबको मिलकर एक तंबाकू मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई, साथ ही विश्व तंबाकू निषेध दिवस का इतिहास महत्व उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। तंबाकू सेवन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभावों की जानकारी दिया गया व लोगों कों धूम्रपान और तंबाकू चबाने की आदत छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करने कहा गया, खासकर युवाओं को जागरूक करना और उन्हें तंबाकू की लत से बचाना जरूरी बताया। प्रधानपाठक पिकेश्वर ने छात्र छात्राओं को बताया कि हर साल तंबाकू से 80 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। यह कैंसर हृदय रोंग स्टोक फेफड़ो की बिमारियों और प्रजनन सबधीं समस्याए पैदा करती है।
तंबाकू में मौजूद निकोटीन बहुत तेजी से से लत लगाता है। यह तनाव, चिंता और डिप्रेशन को बढ़ाता है।तंबाकू छोड़ने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार होता है। तंबाकू में 7000 से अधिक हानिकारक रसायन होते है जो जल,थल,और वायु को प्रदूषित करते है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस न केवल जागरूकता फैलाने का दिन है, बल्कि हम सब की जिम्मेदारी है कि हम तंबाकू मुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाए, एक ऐसा भविष्य जहां जीवन को तंबाकू की लत से मुक्त किया जा सके।

### एसएसपी अग्रवाल ने लिया परेड की सलामी

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल शुक्रवार को पुलिस लाईन दुर्ग पहुंचकर जनरल परेड का सलामी ली। सलामी के बाद परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों की वेशभूषा का निरीक्षण किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। इसके बाद स्वान दल, बैंड पार्टी तथा शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया गया। कानून व्यवस्था स्थापित करने में उपयोगी वाहनों के रखरखावों का जायजा लिया। वाहनों को अच्छी कंडीशन में रखने की हिदायत भी दी गई। उत्कृष्ट विवेचना करने वाले विवेचकों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

**सुशासन तिहार : कलस्टर के 6270 तथा नपं पलारी 1640 आवेदनों का परीक्षण कर आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित**

# धनोरा समाधान शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को मिली राहत, आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतिम समाधान शिविर के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनोरा और नगर पंचायत पलारी में आयोजित समाधान शिविरों में शामिल लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत ग्राम धनोरा कलस्टर में 6270 तथा नगर पंचायत पलारी में शामिल लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1640 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन की स्थापना सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत आज अंतिम समाधान शिविर का भव्य एवं रंगा–रंग समापन किया गया। समाधान शिविर के अंतिम दिन आज शिविर में वरिष्ठ जनप्रनिधियों एवं आला अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





### शिविर में दी गई जानकारी

ग्राम धनोरा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 3988, खाद्य विभाग को 917, महिला एवं बाल विकास विभाग को 224, पीएचई को 88, स्वास्थ्य विभाग को 48, श्रम विभाग को 227, तहसील राजस्व अंतर्गत 465, विद्युत विभाग को 182 सहित कुल 6270 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार नगर पंचायत पलारी में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के प्रधानमंत्री आवास योजना के 836, तहसीलदार गुरूर को 276, विद्युत विभाग को 21, महिला एवं बाल विकास विभाग को 29, खाद्य विभाग को 70 सहित कुल 1640 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

**धनोरा शिविर-** इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनोरा में ग्राम सोरर, बगदई, सोंहपुर, अर्जुनी, रमतरा, सुर्रा, भानपुरी, छेड़िया, कपरमेटा, टेंगना बरपारा, भरदा, धनोरा, पेंवरो, घोघोपुरी, तारएँ, धोबनपुरी के ग्रामीण समाधान शिविर में शामिल हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत पलारी में समस्त वार्डवासी शामिल हुए। इसी तरह ग्राम धनोरा के शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे। नगर पंचायत पलारी के शिविर में जिला पंचायत के सभापति तेजराम साहू, लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद सदस्य जनपद सदस्य गुलाब राम सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**हितग्राही हुए लाभान्वित-** उल्लेखनीय है कि आयोजित शिविरों में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हें–मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार को भी पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही अतिथियों ने जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर के मद्देनजर जल संरक्षण के उपाय तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।

**पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू का जनसंपर्क दौरा जारी**

# कृषि मंडी क्षेत्र में विकास के लिए स्वीकृत 300 करोड़ को निरस्त करने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**महमरा, चंगोरी, बिरेझर, बिरेझर भांठा, थनौद, अंजोरा ख, सिलोदा, खपरी, रसमड़ा एवं पीपरछेड़ी में ग्रामीणों की समस्या सुनी**







हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महमरा, चंगोरी, बिरेझर, बिरेझर भांठा, थनौद, अंजोरा ख, सिलोदा, खपरी, रसमड़ा एवं पीपरछेड़ी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं और लोगों की मदद कर रहे हैं।

इस मौके पर ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का चहुंमुखी विकास कांग्रेस पार्टी की देन है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए जो भी मांगें रखी गईं, पूर्व कांग्रेस सरकार में पूरी हुईं और क्षेत्र ने प्रगति के नए सोपान गढ़े।

वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य रुक गए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में क़ृषि मंडी से लगभग क्षेत्र में विभिन्न ग्राम पंचायत में स्कुल भवन, डोम शेड निर्माण कार्य, हाट बजार शेड, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सी सी सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों के लिए 300 करोड़ का काम स्वीकृत कराया गया लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा इसे निरस्त करवा दिया जबकि इन कार्यों का भूमिपूजन हो गया था जिसका टेंडर हो गया था जिसके बाद भी इन कार्यों को निरस्त कर दिया जिसके बाद जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा हैं श्री साहू ने कहा की पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा सरकार जन कल्याण कारी योजनाएं लागु कर हर वर्ग के लोगों लाभ पहुंचाने का काम हमारी सरकार ने किया था आज स्कूलों को बंद किया जा रहा हैं, जगह जगह शराब दुकान खोला जा रहा हैं,मनरेगा काम बंद, महिला समूहों को काम नहीं मिलना, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता बंद, ग्राम पंचायत के सरपंचो को काम नहीं दिया जा रहा है,रीपा योजनाए बंद कर दी गई हैं। कोई नया कार्य नहीं हो रहा है। पूर्व सरकार के समय शुरू हुए विकास कार्य भी बंद पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य को गति नहीं दी तो दुर्ग ग्रामीण की जनता प्रतिरोध करने पर मजबूर होगी। आगे कहा कि वह लोगों के कृतज्ञ हैं व जनता की सेवा का लक्ष्य उनके जीवन का आधार है। वह अपनी सेवा इसी तरह लगातार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह पिछले कार्यकाल के दौरान भी लोगों की सेवा जनता के सेवक के रूप में करते रहे।और आगे भी करते रहेंगे।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि उनका हर पल जनता की सेवा के लिए है। जनसेवा के लिए सदैव जनता के बीच तत्परता से उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,जनपद सदस्य प्यारी बाई निषाद,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव,पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्रकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू,सरपंच नर्मदा ठाकुर, मनसुख टांक, जनपद सदस्य किशोरी देशमुख, दामिनी साहू, लीलावती देशमुख, हीरामन देशमुख, तुलसी देशमुख, इंद्रजीत साहू, मोहन हरमुख, हरेंद्र देव, हेमंत देशमुख, सुखदेव यादव, राजकुमार देशमुख,लाल जी गुप्ता, सरपंच मोतिम बाल किशन निषाद,ममता साहू,अजय वैष्णव, डायमंड वैष्णव, भागवत साहू, रिझन ठाकुर, बाल किशन ठाकुर, भुनेश्वरी ठाकुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# कुर्मी समाज की एकता, कर्मठता और कृषि परंपरा समृद्धि की रीढ़ : चौधरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोलिहापुरी 36 फोर्ट में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग राज के 55वें वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी के साथ सम्मिलित होकर समाज गंगा को सादर प्रणाम किया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री ओ.पी. चौधरी जी ने समाज के युवाओं को प्रेरणादायी संबोधन देते हुए कहा, /"यदि समाज का युवा शिक्षित, जागरूक और संगठित हो, तो समाज के उत्थान के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका निर्णायक होगी। कुर्मी समाज की कर्मठता, कृषि परंपरा और सामाजिक एकजुटता देश की रीढ़ रही है। हमें अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर आधुनिक समय की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। कुर्मी समाज अपने मजबूत पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, जिसने सदैव शिक्षा, सेवा, स्वावलंबन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है।

- चन्द्रनाहू कुर्मी समाज के अधिवेशन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए

### नैतिक मूल्यों को समझना होगा : सांसद बघेल

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने आज के इस महत्वपूर्व आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और युवाओं को शिक्षा के साथ साथ समाज क्षेत्र में भी आगे बढ़ना है समाज के नैतिक मूल्यों को समझना होगा युवा देश का समाज का भविष्य है आप सभी को उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा समाज को संगठित और जागरूक होने की आवश्यकता है संगठित और शिक्षित समाज से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है,इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।
कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों में सर्व कुर्मी समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विनोद चंद्राकर (अध्यक्ष, चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, छत्तीसगढ़), अश्वनी चंद्राकर (पूर्व अध्यक्ष), प्रदीप चंद्राकर (अध्यक्ष, चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग राज), प्रदेश महामंत्री हिम्मत चंद्राकर, महिला उपाध्यक्ष सविता चंद्राकर, विनोद चन्द्राकर जी अध्यक्ष-चन्द्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज छ.ग. प्रदेशअध्यक्ष-चन्द्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर , अध्यक्ष-जि. पं. बालोद पुरुषोत्तम चन्द्राकर जी, अध्यक्ष-ज.पं. गुंडरदेही प्रतिमा रमेश चन्द्राकर , अध्यक्ष-ज.पं. राजनांदगांव उपकार,चन्द्राकर ,प्रदेशमहामंत्री-भाजपा युवा मोर्चा गुलशन चन्द्राकर सदस्य-जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चन्द्राकर प्रदेश अध्यक्ष-युवा प्रकोष्ठ योगिताचन्द्राकर ,प्रदेशअध्यक्ष-महिला प्रकोष्ठ सुनील चन्द्राकर , प्रदेश अध्यक्ष-व्यापारी प्रकोष्ठ खेमराज चन्द्राकर , केन्द्रीय प्रतिनिधिउमाकांत चन्द्राकर , सहित बड़ी संख्या में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे।

# हजारों की संख्या में स्कूल बंद होने की बातें हैं भ्रामक और तथ्यहीन, सिर्फ 166 स्कूलों का होगा समायोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

क्षेत्र के भाजपा नेता यशवंत जैन अध्यक्ष देशमुख राकेश यादव सौरभ लुनिया आदि लोगों ने कहा कि हजारों की संख्या में स्कूल बंद होने की बातें भ्रामक और तथ्यहीन है,शिक्षा विभाग ने कतिपय संगठनों एवं व्यक्तियों द्वारा युक्तियुक्तकरण से हजारों की संख्या में स्कूलों के बंद होने की बात को पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा है कि असलियत इससे बिलकुल अलग है। प्रदेश सरकार की ओर से जारी युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का उद्देश्य किसी की पढ़ाई रोकना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।



राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों का समायोजन होगा। इन 166 स्कूलों में से ग्रामीण इलाके के 133 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें छात्रों की संख्या 10 से कम है और एक किलोमीटर के अंदर में दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 33 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें दर्ज संख्या 30 से कम हैं और 500 मीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है। इस कारण 166 स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है, इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे। उनमें केवल प्रशासनिक और शैक्षणिक स्तर पर आवश्यक समायोजन किया जा रहा है। स्कूल भवनों का उपयोग पहले की तरह ही जारी रहेगा और जहाँ आवश्यकता होगी, वहाँ शिक्षक भी उपलब्ध रहेंगे।

यहाँ स्पष्ट करना जरूरी है कि स्कूलों का "समायोजन" और "बंद" होना अलग चीज है। समायोजन का अर्थ है पास के स्कूलों को एकीकृत कर बेहतर संसाधनों का उपयोग। इसका मकसद बच्चों को अच्छी शिक्षा देना है, न कि स्कूल बंद करना। शिक्षा विभाग ने लोगों से अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है।

# मुमुक्षु बहनों की विदाई, चार को बीकानेर में होगी दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

मूमुक्षु बहने नेहा डोसी व साक्षी भन्साली बेटी के रूप में विदा हुई पर अब वह कभी घर नहीं आएंगी

राजस्थान के बीकानेर रवाना होने से पहले दोनों ही मुमुक्षु बहनों को संघ समाज व पारिवारिक जनों ने विदाई दी गई, खुशी के साथ बिछड़ने के गम में आंसू छलक पड़े। नगर की दो बेटियों नेहा डोसी व साक्षी भंसाली की शनिवार को विदाई हुई। मूमुक्षु नेहा व साक्षी बेटी के रूप में विदा हुईं, लेकिन अब वह बेटी के रूप में कभी घर नहीं लौटेंगी। जब भी आएंगी, साध्वी के रूप में ही आएंगी। जिस बच्ची को मां-बाप ने गोद में खिलाया, दादा-दादी और चाचा-चाची ने भाईयों के साथ हंसी-ठिठोली करते हुए बचपन बिताया, वह अब सब कुछ छोड़कर साध्वी बनने जा रही हैं। शनिवार को दीक्षा लेने के लिए राजस्थान के बीकानेर रवाना होने से पहले दोनों ही मुमुक्षु बहनो को विदाई दी गई। इस दौरान परिवार और नगरवासियों की आंखें नम हो गईं। एक तरफ खुशी थी कि उनकी लाडली धर्म कार्य के लिए जा रही है, तो दूसरी तरफ बिछड़ने का गम भी था। उपस्थित जन समुदाय के आंखों में आंसू थे। दोपहर शुभ मुहूर्त में शगुन के व्यंजन लापसी का प्रसाद बांटते हुए साक्षी व नेहा ने दोपहर सवा चार बजे शुभ मुहूर्त में अपने घर से विदा हुई।



**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सड़क निर्माण के लिए 11 करोड़ 47 लाख स्वीकृती करने की घोषणा की**

# जुनवानी-चिखली मार्ग के निर्माण से 30 किमी की दूरी होगी मात्र 4 किमी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

दो विकास खंडो की मिटेगी दूरियां 30 किलोमीटर के लंबे सफर को महज 4 किलोमीटर के चंद फासले पर लाकर जोड़ने की विष्णु देव जी की सुशासन सरकार की घोषणा मिल का पत्थर साबित होगा। ग्रामीणों के लगातार 30 वर्षों के मेहनत को मिलेगी नई दिशा, इस विकास की नई इबारत लिखने में आदिवासी अंचल के डौडी लोहारा विधानसभा के छाया विधायक व प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के लगातार आदिवासियों के बीच पकड़ को मजबूती प्रदान करता है, ठाकुर जी के लगातार प्रयास को माननीय विष्णु देव की सुशासन सरकार ने सुशासन तिहार पर बालोद जिले के आगमन पर कई वर्षों से जनता की मांग व पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए उनकी जायज मांगों का आवेदन पत्र सोपा था। जिसे मूर्त रूप देने में आदिवासी अंचल के मुखिया देवलाल ठाकुर के माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा कर चंद मिनट के प्रयास से सार्थक पहल की, जिसका परिणाम आज पूरे डौडी से लेकर डौडी लोहारा विधानसभा की जनता को मुख्यमंत्री जी की जुनवानी से चिखली सड़क निर्माण के लिए 11करोड़ 47 लाख स्वीकृती की घोषणा क्षेत्र के जनता के लिए ऐतिहासिक घोषणा है। यहां जानना जरूरी है कि ग्रामीणों के 30 सालों के लगातार रायपुर, दुर्ग, बालोद के मंत्री नेता व अधिकारियों के चक्कर लगाने व लगातार प्रयास भी संभव नहीं हो पाया था। क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हम हमारे राज्य के मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद देते हैं कि ,हमने बनाया है हम ही सवारेंगे इस कथन को माननीय विष्णु देव साय जी की घोषणा ने सच का साबित कर दिया है, साथ ही साथ देवलाल ठाकुर जी व संजय वैश जी का भी हृदय से आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि जब देव लाल ठाकुर जिला पंचायत के अध्यक्ष थे तब भी इस सड़क के लिए 84 लाख रुपए की राशि स्वीकृति किए थे लेकिन नरेगा से काम होने के कारण बड़े बड़े चट्टानों को तोड़ना मजदूरों से संभव नहीं था लेकिन देवलाल ठाकुर जी सोच के रखे थे इस सड़क को बनाके रहेंगे और कोशिश ही कामयाब होती है इस बात को चरितार्थ करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी इस सड़क के लिए राशि स्वीकृति प्रदान किए उच्चाधिकारियों को निर्देशन कर बजट में जुड़कर जमीन स्तर पर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि देव लाल ठाकुर जी का हम आभार के साथ इतिहास रचने वाले जनप्रतिनिधि हमारे नजर में साबित हुए है



जुनवानी से चिखली तक सड़क निर्माण की स्वीकृति देने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व देवलाल ठाकुर का डोंडी लोहारा विधानसभा की ओर से आदिवासी अंचल को विकास की सौगात देने पर हार्दिक आभार व्यक्त किए है।

## खबर संक्षेप



### आमटी और मासाभाट में मनरेगा से ग्रामीणों को मिला रोजगार

**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी, मासाभाट में मनरेगा के तहत कार्य चल रहा है। जिसमे कुल मजदूर 216 महिला एवं पुरुष कार्य में लगा हुआ है। सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने कहा कि गांव का विकास सबका विकास होगा। राज्य सरकार द्वारा जो भी योजना आयेगा उसका पुरा लाभ गांव वालों को मिलेगा। क्योंकि गांव के ही जनता ने सरपंच, जनपद, विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री जनता से जीत कर बना है। इस लिए सरकार का योजना सभी लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर कन्हैया चौधरी, नीरज साहू, हिमांशु पटेल, देवेन्द्र देशमुख, अद्यनाथ, मोहन वासु पटेल, अशोक , कीर्ति, खिलेश्वरी , कंचन, सरिता यादव, डामेश्वरी पटेल, फूलबाई, शारदा पटेल, राधा यादव ग्राम मासाभाठ में 100 मज़दूर ग्राम आमटी में 116 मजदूर दोनों गांव में मनरेगा का कार्य चल रहा है।

### फैक्ट्री से ढ़ाई लाख का सामान पार

**भिलाई।** फैक्ट्री से ढ़ाई लाख रुपए का सामान गार्ड अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नबंर 22 प्लाट नबंर 17 नेहरू नगर पश्चिम सुपेला निवासी रितेश रायका का लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया 32 में रंजना इण्डस्ट्रीज के नाम से फैक्ट्री है। फैक्ट्री गार्ड रईस खान ने अन्य के साथ मिलकर कंपनी से पिग आयरन, प्लेट की कंटिग, मोटर चोरी कर फरार हो गया। फैक्ट्री में माह भर से रात ड्यूटी पर गार्ड रईस खान गार्ड करता था। 30 मई को कंपनी का सामान पिगआयरन, प्लेट की कंटिग, मोटर का साटेज होने पर सीसी कैमरा चेक किया गया।

### जामुल तोड़ते समय युवक पेड़ से गिरा, मौत

**भिलाई।** जामुल पेड में चढ़ा युवक अचानक गिरने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी राकेश गुप्ता 35 वर्ष सेक्टर 6 सड़क 31 में स्थित जामुल पेड है। जहां राकेश जामुल तोड़ने के लिए पेड पर चढ़ा हुआ था। अचानक पेड से गिरने से मौत हो गई। लेकिन पेड से गिरते और चढ़ते हुए किसी ने युवक को नहीं देखा है। संदेह जताया जा रहा है कि गिरने से उसकी मौत हुई है।

### श्रमदान कर मनाई अहिल्या बाई की जयंती

**उतई।** नगर पंचायत उतई में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर लोगों ने श्रमदान कर धार्मिक स्थल, तालाब, कुआं, नलकूपों,चौक-चौराहों के आसपास साफ-सफाई की। राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की जीवन परिचय टेलीविजन के माध्यम से प्रसारण कर दिखाया गया। साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे स्वच्छता दीदियों,स्वसहायता समूहों के सदस्यों का नगर पंचायत उतई के सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

## निधन

### पूनत लाल चौधरी



**गुरूर।** ग्राम भानपुरी निवासी पूनत लाल चौधरी उम्र 50 वर्ष का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। वे लोकेन्द्र चौधरी के पिता थे।

### मो. कलीम उल मलिक



**बालोद।** शहर बालोद के वार्ड न. 10 कुमऍपारा निवासी अनाउंसर मो कलीम उल मलिक का निधन हो गया है। उनको ईदगाह स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

खेरूद, कोडेव़ा, धनगांव, डुण्डेरा, नवागांव डु, बासीन, पिरीद, कुरदी, चौरेल, कोंगनी, कमरौद, सांकरी, खुटरी (खे.), पैरी, गोंगरी, सलौनी के निवासी हुए शामिल

# कुरदी के समाधान शिविर में मिली सौगतें और राहत, रंगारंग समापन में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन की स्थापना सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत आज अंतिम समाधान शिविर का भव्य एवं रंगा–रंग समापन किया गया। समाधान शिविर के अंतिम दिन आज शिविर में वरिष्ठ जनप्रनिधियों एवं आला अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतिम समाधान शिविर के अंतर्गत जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आयोजित समाधान शिविरों में शामिल लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। इसी कड़ी में समाधान शिविर के अंतिम दिन आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम खेरूद, कोडेव़ा, धनगांव, डुण्डेरा, नवागांव डु, बासीन, पिरीद, कुरदी, चौरेल, कोंगनी, कमरौद, सांकरी, खुटरी (खे.), पैरी, गोंगरी, सलौनी के निवासी शामिल हुए।

सुशासन तिहार के अवसर पर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आयोजित समाधान शिविर में गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरूषोत्तम लाल चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नितिश मोंटी यादव, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक बिरेन्द्र कुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद, ममता मनोज सेन, किरण नेताम, धारा पंकज चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।









### जल संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाएं

इस अवसर पर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर निषाद ने ग्रामीणजनों से कहा कि वे जल की उपयोगिता को समझे और जल संरक्षण के लिए अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने ग्रामीणजनों से रिक्त स्थानों में पौधरोपण कर उसकी देखभाल करने की भी अपील की। चेमन देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार शासन एवं प्रशासन को आम जनता के द्वार तक ले जाने का बहुत ही क्रांतिकारी एवं अभिनव प्रयास किया है। इसके माध्यम से शासन–प्रशासन के द्वारा आम जनता के वास्तविक जरूरतों एवं उनके मांगों तथा समस्याओं को जानकर निर्धारित समयावधि में उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार 2025 जन समस्याओं के समाधान का सशक्त एवं कारगर माध्यम बना है। पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू ने कहा कि मौजूदा केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत ग्राम कुरदी कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 3880 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज आयोजित शिविरों में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हें–मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार को भी पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही अतिथियों ने जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर के मद्देनजर जल संरक्षण के उपाय तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 के नवीन भवन का लोकार्पण भी किया। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान कुरदी कलस्टर के अंतर्गत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 158, महिला एवं बाल विकास विभाग को 2334, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 100, महिला एवं बाल विकास विभाग 218, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 217 सहित कुल 3880 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

## 5वीं व 8वीं के टाप फाइव विधार्थियों की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

लंबे वर्षों बाद 5 वी 8 वी का बोर्ड पैटर्न में वार्षिक परीक्षा शिक्षा विभाग ने लिया। परिणाम काफी विलंब से शनिवार को विद्यालयों को वितरित की गई। परिणाम प्राप्त होते ही सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने विद्यालय स्तर पर कक्षा 5 वी 8 वी के टाप फाइव विधार्थियो की घोषणा किया। जिसमें 8वी में तान्या साहू 91.83 प्रतिशत, उपासना साहू 86.5 प्रतिशत, तन्नू साहू 86 प्रतिशत, साहित्य पटेल 71.17 प्रतिशत, प्रभाकर 71 प्रतिशत एवं 5 वी पूवऍ बंजारे 77 प्रतिशत, नूतन ठाकुर 74.5 प्रतिशत, दीपांशु साहू 73.5 प्रतिशत, खुशांत पटेल 71 प्रतिशत और ख्याति निर्मलकर 70.5 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय माता पिता को गौरांवित किए। प्राचार्य पीएल बारले ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए। 5 वी का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत 8 वी में 5 विद्याथऍ को पूरक की पात्रता मिली।

### जून प्रथम सप्ताह में होगा टॉप फाइव प्रतिभा सम्मान

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया जून 2025 के प्रथम सप्ताह में 5 वी 8 वी एवं 10 वी के विद्यालय स्तर पर टाप फाइव विधार्थियो का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 वी के सभी सफल बच्चों का सम्मान प्रति वर्ष विद्यालय स्थापना दिवस 26 अगस्त को की जाती है। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि 5 वी 8 वी बोर्ड पैटर्न परीक्षा से पालक, बालक, शिक्षक में सजगता बढ़ेगी और अच्छे आयेंगे परिणाम।

## अहिल्याबाई जयंती सभा में हुआ नक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

गुरुर मंडल अंतर्गत नगर पंचायत गुरुर एवं नवीन कॉलेज गुरुर के तत्वाधान में देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वी जयंती मनाई गई।

गुरुर नगर के सामुदायिक भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन, नुक्कड नाटक, कल्चरल प्रोग्राम डांस एवं महिलाओं और स्व सहायता समूह की महिलाओ एवं स्वच्छता दीदी एवं भैया का सम्मान रेन कोट वितरण करके किया गया। वही नगर के वार्ड क्रमांक 14 सामुदायिक भवन मे देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती 31 मई को मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत देवी अहिल्या बाई होल्कर के संबंध मे गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम साय कलिहारी, लेखक चतुर्वेदी, महामंत्री लिखेस्वर साहू, मंत्री जितेश्वरी निषाद, पार्षद अनाराम यादव, चंद्रलता साहू, गिरधर ठाकुर, नारायण टेके, अनुसिया धुरव, भारत सार्वा, चौलेश देशमुख, चंद्रप्रकाश गांधी, चिंता साहू, रूपेंद्र देवदास एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## पेज 11 के शेष...

### 22 स्व सहायता समूह...

दानेश्वरी साहू ने सेनेटरी पैड बनाने, चित्रलेखा साहू ने ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेतों में खाद एवं कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव, सती साहू ने कृषि मित्र का कार्य, सुहागा विश्वकर्मा ने मछली पालन का व्यवसाय, आनंदी विश्वकर्मा ने बकरी पालन, अंजू टेकाम ने मुगऍ पालन, प्रेमवती देवांगन ने मशरूम उत्पादन आदि के संबंध में सभी महिलाओं ने बारी–बारी से जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं के द्वारा आजीविकामूलक गतिविधियों को प्रारंभ करने हेतु उन्हें प्रदान की गई आर्थिक सहयोग, प्रशिक्षण के अलावा इस कार्य से उन्हें होने वाले वार्षिक आय के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।
उन्होंने कहा कि बिहान के माध्यम से आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़ने के फलस्वरूप उनके आर्थिक स्थिति में पर्याप्त सुधार होने से उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। जिससे वे अपने दैनिक आवश्यकताओं की समुचित पूर्ति के अलावा अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा–दीक्षा की प्रबंध कर अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन यापन कर पा रहे है। जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविकामूलक कार्यों की सराहना करते हुए उनके कार्यों को राज्यपाल डेका ने सभी के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी बताया।

### गांजे की तस्करी..

कीमती 24,000 रूपये एवं एक नग स्कूटी क्रमांक सीजी 24 व्ही 6126 को गवाहो के समक्ष जप्ती कार्यवाही किया जाकर थाना बालोद आकर धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है। जिसमे आरोपी संजय नगर मकान थाना व जिला बालोद व स्थाई पता ग्राम कापसी थाना डौण्डी लोहारा जिला बालोद निवासी विवेक कुमार साहू पिता देवसिंह साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### टेंडर में स्वास्थ्य...

चिकित्सालयों में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे ये लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाते ओर क्लेम का कार्य करते थे साथ शिविरो के माध्यम से आयुष्मान योजना प्रचार ओर विस्तार करते थे, अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य राष्टीय स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने ओर क्लेम प्रोसेसिंग में टॉप 5 में जगह बना पाई, इन स्वास्थ्य मितान कर्मचारियों के कारण इसी उम्मीद में स्वास्थ्य मंत्री से स्वास्थ्य मितान कर्मचारी संघ मिले और स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन भी दिया की इनके 12 से 15 वर्षों के अनुभव का सरकार लाभ लेगी। इनका पुनः भतऍ स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कलेक्टर दर या टीपीए के माध्यम से किया जाएगा और साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इनकी नौकरी के लिए चिंतित दिखे।
**स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद टेंडर निकाला-** स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य मितान कर्मचारियों को मंत्री के द्वारा उनके रायपुर निवास में आश्वासन मिलने के बाद शाम में स्वास्थ्य विभाग स्टेट नोडल एजेंसी के द्वारा टेंडर निकाला गया। जिसमें स्वास्थ्य मितान पद का मेन पावर वाले कॉलम में जगह नहीं था। जिससे यह समझ आया कि स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी मंत्री के आश्वासन को झुंठलाते हुए टेंडर निकाल दिए, जिससे स्वास्थ्य मितान कर्मचारी संघ ने रोष जाहिर किया है।
स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों पर क्योंकि 750 स्वास्थ्य मितान कर्मचारियों के साथ उनके परिवार का जीवन यापन अब कैसे होगा यह चिंता उत्पन्न हो गई है, कर्मचारियों पर इसमें से बड़ी संख्या में स्वास्थ्य मितान बस्तर सम्भाग और सरगुजा सम्भाग में आदिवासी युवक युवतियां नौकरी में थी पर अधिकारियों के गलत निर्णय के कारण बेरोजगारी का शिकार सुदूर क्षेत्र और आदिवासी युवक युवतियां हो रही हैं।

### ग्राम पंचायत...

व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा था। उक्त निजी बोर से पानी नही मिल पाने के कारण विगत 01 सप्ताह से पेयजल की समस्या अति विकराल रूप ले लिया है। 5600 की आबादी वाले इस ग्राम की पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई भी सक्षम अधिकारी के द्वारा सुध नहीं लिया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी ग्राम पंचायत सिकोसा सरपंच प्रीतम कुमार ठाकुर एवं उपसरपंच संजय बारले के द्वारा दिया गया।

## जगन्नाथपुर और सांकरा में सरहद का विवाद गहराया, प्रशासन के दखल से घेराबंदी रुकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जगन्नाथपुर और सांकरा के बीच सरहद को लेकर विवाद छिड़ गया है, सांकरा के ग्रामीणों का आरोप है कि जगन्नाथपुरवासी ग्राम सांकरा के जमीन पर कब्जा कर कर रहे हैं, जिसके बाद ग्रामीण घेराबंदी करने लगे, तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद घेराबंदी का काम रुकवाया गया। 2 दिन के भीतर स्कूल मैदान से सारे कब्जे हटाने दोनों पंचायतो को तहसीलदार ने निर्देश दिए हैं।

जिले के ग्राम जगन्नाथपुर और पड़ोसी गांव सांकरा में सरहद को लेकर विवाद छिड़ गया है। मामला उस वक्त तुल पकड़ा जब जगन्नाथपुर और सांकरा के बीच सीमा पर कई लोगों द्वारा स्कूल के मैदान में अवैध कब्जा कर लिया गया और जिसे सुरक्षित करने के लिए सांकरा पंचायत प्रशासन द्वारा सीमेंट के खंभे और कटीले तार लगाकर जगह को सुरक्षित करने का प्रयास किया गया।

इस बीच जगन्नाथपुर के दो ग्रामीणों के घर का आवागमन बाधित होने लगा। जिससे उक्त ग्रामीणों का कहना है कि हमें आने जाने के लिए रास्ता दिया जाए। अगर घेराबंदी की गई तो हमें चलने में दिक्कत होगी पर सांकरा पंचायत प्रशासन का कहना है कि हम अपनी जगह को सुरक्षित कर रहे हैं। जगन्नाथपुर पंचायत जाने कि वे अपने गांव के निवासियों को किधर से आवागमन के लिए सुविधा देंगे। ग्रामीणो का आरोप है कि पूर्व में जो भी आबादी के तहत वहां निवास किए, उनके लिए आवागमन के लिए गली था। लेकिन वर्तमान मे वहां अवैध निर्माण हो चुका है और रास्ते बंद हो गए हैं। ऐसे में उक्त दो मकान के निवासियों के लिए आने जाने का रास्ता सांकरा की जमीन की ओर से है। तो सांकरा और जगन्नाथपुर के बीच स्थित स्कूल मैदान में कई लोगों द्वारा अवैध कब्जा करके सब्जी बाड़ी का निर्माण तो कोई ईट, पत्थर, रेत आदि का भंडारण कर सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा किए हुए हैं तो वहीं गंदगी का आलम भी है। जबकि पास में ही सांकरा का आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है। आसपास पूरा कचरे का ढेर है।

राष्ट्रीय स्वाभिमान विचार मंच ने अहिल्याबाई जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की विचार गोष्ठी

## नारी शक्ति के जागरण में है लोकमाता अहिल्याबाई की भूमिका उल्लेखनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



लोकमाता मालवा की महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जयंती के अवसर पर आज विचार गोष्ठी का आयोजन कला केंद्र बालोद में राष्ट्रीय स्वाभिमान विचार मंच के बैनर तले हुआ।

विचार गोष्ठी आयोजन के इस अवसर पर मुख्य वक्ता बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन थे। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर जी के जीवन प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कम उम्र में ही शादी होने के बाद वो विधवा हो गयी थी, उसके बाद मालवा क्षेत्र के राज्य की कमान उनके हाथों में सौंपा गया, उनकी कुशाग्र बुद्धिमता न्यायप्रियता और लोकप्रियता ने उन्हें भारत देश मे एक सफल रानी का दर्जा मिला बड़े बड़े रियासत के राजा न्यायप्रियता के कारण उनसे सलाह लेते थे, वह पूर्णरूप से धार्मिक महिला थी, जिन्होंने अपने राज में कई मंदिर शिवालय को बनवाया वह जल संरक्षण हेतु अनेक क्षेत्रें में कुआ, बावड़ी, तालाब का निर्माण कर जल संचय का अनूठा कार्य किया। किसानों के प्रति उनका मन उदार था किसानों की आय वृद्धि हेतू उन्होंने कभी लगान नही बढ़ाया बल्कि वह लगान के पैसे से अपने राज्य में अनेकों विकास के कार्य किये, उनके राजपाठ में वहां की जनता काफी खुश थी मालवा क्षेत्र में आज भी जनता उनके नाम का मंदिर बनवाकर उनका मूर्ति रखकर उन्हें देवी स्वरूप पूजा करते हैं परंतु दुर्भाग्यवश अहिल्या बाई होलकर को वामपंथी इतिहास कारो ने इतिहास में जगह नही दिया पर आज उन्हें उनका सम्मान देने का कार्य पूरे देश मे चल रहा है, देश के हर कोने में उनकी जीवनी पर अनेकों आयोजन विचार गोष्ठी हो रही है ताकि लोगो को पता चल सके कि भारत की इस महान भूमि में एक वीरांगना लोकमाता अहिल्या बाई होलकर भी थी। आयोजन में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पवन साहू,, वीरेंद्र साहू, यज्ञदत्त शर्मा, तोमन साहू, सरस्वती टेमरिया, टीनेश्वर बघेल, विनोद कौशिक, सौरभ लुनिया, रविप्रकाश पांडेय, गिरिजेश गुप्ता, विनोद जैन, राजू पटेल, प्रीतम यादव, दीपक लोढा सहित अनेक समाज की महिलाएं, अधिवक्ता, सफाई दीदी समूह, महिला मंडल के सदस्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
MY CLASSBOARD

## कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा 2025-26 Congratulations

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



## 2. SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI




## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2
Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR, SEC, SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra
Affiliated to IKSVV, Khairagarh

★Singing ★Kathak
★Tabla ★Bharatanatyam
★Geetanjali ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS
TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

ARPIT SAHU 96.6%
SRIJAN DEWANGAN 95.2%
ADITI MISHRA 94.4%
ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
PAKHI MAHESHWARI 93.2%
VIDYA SAO 91.4%
MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
SHWETA SINGH 95.4%
SABIYA PARVEEN 95%
AMRITA SAO 94%
AACHAL KUMARI SAO 93.8%
RAJVEER SAO 93.4%
TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
ANURAG SAHU 92.6%
SIDDHI BAGHEL 92.6%
SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
P POOJITA 92.2%
ADARSH KUMAR SINGH 92%
AYUSH NAGVANSHI 91.6%
CHIEF HAVGE 90.8%
PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

YOGITA 97%
RIYA KURREY 92.6%
TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
PIYUSH VERMA 89.8%
VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
ANKIT DEWANGAN 97.2%
SAZINA NAWAZ 96.8%
ASHMIKI DWIVEDI 95%
SAMRIDHI SHARMA 94.6%
TEJAS SAHU 93.6%
BHAVYA DEWANGAN 93%
SHREYA MAHAPATRA 92.8%
ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
SAMEER PATEL 92%
SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
DIVYANSH SINGH 91%
DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

NIDHI PATEL 92%
GARGI CHANDRAKAR 91.6%
NAMRATA PATEL 91.4%
JAYA SINHA 89.6%
KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
HARSHITA BHASKAR 92.8%
TANISHA NAG 92.3%
MAHI BANJARA 91.8%
PRIYA PAL 91.3%
THANSING VERMA 90.6%

## SCHOOL FACILITIES

1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)
Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

Ram Nagar Bhilai



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
|---|---|---|---|---|---|
| 0788 4033217 | 0788 2265810 | 0788-2295357 | 0788-4033623 | 8770401823 | 8839982041 |